95. The masses of two planets are in the ratio of 1 : 7. The ratio between their diameters is 2 : 1. The ratio of forces which they exert on each other is

(a) 1 : 7

(b) 7 : 1

(c) 1 : 1

(d) 2 : 1

96. एक कार का भार 1000 kg है । यह एक सीधी सड़क पर 72 km/h के एकसमान वेग से चल रही है । चालक अचानक ब्रेक लगाता है । कार 0·2 s में रुक जाती है । कार रोकने के लिए उस पर डाला गया मंदन बल है

(a) 100 N

(b) 1000 N

(c) 10 kN

(d) 100 kN

97. एक गेंद है जिसका द्रव्यमान 320 g है । इसे जब एक ऊंचाई से मुक्त रूप से छोड़ा जाता है तो इसकी स्थितिज ऊर्जा 625 J है । वह किस गति (स्पीड) से जमीन पर टकराएगी ?

(a) 62·5 m/s

(b) 2·0 m/s

(c) 50 m/s

(d) 40 m/s

98. एक वाहन विराम अवस्था से आरंभ करके पूर्व की दिशा में 2 m/s^2 की दर से 10 s तक गति करता है । यह इसके बाद अचानक रुक जाता है । वह उसके बाद पुनः अगले 10 s के लिए दक्षिण की ओर $4\sqrt{2}\ m/s^2$ की दर से गति करता है और फिर से विराम अवस्था में आ जाता है । वाहन का अपने आरंभिक बिंदु से नेट विस्थापन हुआ है

(a) 100 m

(b) 200 m

(c) 300 m

(d) 400 m

99. औद्योगिक क्रांति के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) थॉमस सवेरी ने एस्ट्रोलेब का आविष्कार किया

(b) थॉमस न्यूकॉमेन ने केमिकल डाई (रासायनिक रंजक) का आविष्कार किया

(c) जेम्स वाट के आविष्कार ने भाप इंजन को केवल एक साधारण पंप से एक ऐसी पंप में बदल दिया जो कारखानों में शक्तिचालित मशीनों को ऊर्जा प्रदान कर सकता था

(d) मैथ्यू बॉल्टन ने सोने की अशुद्धियों के परिष्करण की तकनीक खोजी

100. ब्रिटिश भारत में पहली कॉटन मिल की स्थापना किसने की, जिसमें 1856 में उत्पादन प्रारंभ किया गया ?

(a) घनश्याम दास बिड़ला

(b) जमनालाल बजाज

(c) अम्बालाल साराभाई

(d) सी. एन. डावर

101. राज्यों के भाषाई पुनर्गठन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. गांधीजी ने, 1948 में, भाषाई आधार पर प्रांतों के पुनर्गठन का तर्क दिया था
2. संविधान सभा ने इसे भारत के संविधान में शामिल किए जाने की सिफारिश की

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

96. A car weighs 1000 kg. It is moving with a uniform velocity of 72 km/h towards a straight road. The driver suddenly presses the brakes. The car stops in 0·2 s. The retarding force applied on the car to stop it is

(a) 100 N

(b) 1000 N

(c) 10 kN

(d) 100 kN

97. There is a ball of mass 320 g. It has 625 J potential energy when released freely from a height. The speed with which it will hit the ground is

(a) 62·5 m/s

(b) 2·0 m/s

(c) 50 m/s

(d) 40 m/s

98. Starting from rest a vehicle accelerates at the rate of 2 m/s^2 towards east for 10 s. It then stops suddenly. It then accelerates again at a rate of $4\sqrt{2}\ m/s^2$ for next 10 s towards south and then again comes to rest. The net displacement of the vehicle from the starting point is

(a) 100 m

(b) 200 m

(c) 300 m

(d) 400 m

99. Which one of the following statements about the Industrial Revolution is correct ?

(a) Thomas Savery invented astrolabe

(b) Thomas Newcomen invented chemical dyes

(c) James Watt's invention converted the steam engine from being a mere pump into one which would provide energy to power machines in factories

(d) Mathew Boulton discovered the technique of refining gold of impurities

100. The first cotton mill in British India which began production in 1856 was set up by

(a) Ghanshyam Das Birla

(b) Jamnalal Bajaj

(c) Ambalal Sarabhai

(d) C. N. Davar

101. Consider the following statements about the Linguistic Reorganization of the States :

1. Gandhiji, in 1948, had argued for the reorganization of provinces on a linguistic basis
2. The Constituent Assembly recommended it to be incorporated in the Constitution of India

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

102. महात्मा गांधी की दांडी मार्च से प्रेरित होकर सी. राजगोपालाचारी ने तामिलनाडु में कहां से कहां तक नमक मार्च का नेतृत्व किया ?

(a) तिरुनेलवेली से नागरकोइल

(b) कांचीपुरम से महाबलीपुरम

(c) तंजौर तट पर तिरुचिरापल्ली (त्रिचिनोपोली) से वेदारण्यम

(d) चेन्नई से वेल्लोर

103. आचार्य विनोबा भावे ने भूदान आंदोलन के अंतर्गत पहला भूमि-दान कहां प्राप्त किया ?

(a) रामगढ़

(b) गढ़वा

(c) हैदराबाद

(d) पोचमपल्ली

104. मक्का (Maize) को भारत में किसके रास्ते लाया गया ?

(a) अमेरिका और इंग्लैंड

(b) अफ्रीका और स्पेन

(c) फ्रांस और रूस

(d) पुर्तगाल और इटली

105. हिमालयी दर्रे और श्रेणियों (रेंज), जिन में ये दर्रे स्थित हैं, के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/कौन-से युग्म सही सुमेलित है/हैं ?

1. जोजी ला — बृहत् हिमालय
2. बानिहाल दर्रा — पीर पंजाल श्रेणी
3. फोटु ला — लद्दाख श्रेणी
4. खर्दुंग ला — काराकोरम श्रेणी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2

(b) 4

(c) केवल 1 और 2

(d) 1, 2 और 3

106. भारत की कपास वाली काली मृदा (ब्लैक कॉटन सॉइल) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है ?

(a) कपास वाली काली मृदा को 'रेगड़' भी कहा जाता है

(b) वे उच्च नमी धारण करती हैं

(c) उनमें चूना प्रचुर मात्रा में होता है

(d) इन मृदाओं में मृत्तिका घटक कम होता है और इसलिए इनमें व्यापक प्रकार की फसलें और सब्जियाँ उगाई जा सकती हैं

107. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचीयों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची I (जलविद्युत संयंत्र)	सूची II (राज्य)
A. डोयांग	1. अरुणाचल प्रदेश
B. गोमुटी	2. असम
C. कपिली	3. त्रिपुरा
D. रांगानदी	4. नागालैंड

कूट :

	A	B	C	D
(a)	4	3	2	1
(b)	4	2	3	1
(c)	1	2	3	4
(d)	1	3	2	4

102. Inspired by the Dandi March by Mahatma Gandhi, in Tamilnadu, C Rajagopalachari led a salt march from

(a) Tirunelveli to Nagercoil

(b) Kanchipuram to Mahabalipuram

(c) Trichinopoly to Vedaranniyam on Tanjore coast

(d) Chennai to Vellore

103. Acharya Vinoba Bhave received the first donation of land under the Bhoodan Movement at

(a) Ramgarh

(b) Garhwa

(c) Hyderabad

(d) Pochampally

104. Maize (*makka*) was introduced into India via

(a) America and England

(b) Africa and Spain

(c) France and Russia

(d) Portugal and Italy

105. Which of the following pairs of Himalayan Passes and the Ranges in which they are located is/are correctly matched ?

1. Zoji La — Great Himalayas
2. Banihal Pass — Pir Panjal Range
3. Photu La — Ladakh Range
4. Khardung La — Karakoram Range

Select the answer using the code given below :

(a) 2 only

(b) 4

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2 and 3

106. Which one among the following statements with reference to the black cotton soils of India is NOT correct ?

(a) The black cotton soils are also called 'Regur'

(b) They are highly moisture retentive

(c) They are rich in lime

(d) These soils have less clay factor and hence can support a wide variety of crops and vegetables

107. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

List I *(Hydroelectric Power Plant)*	List II *(State)*
A. Doyang	1. Arunachal Pradesh
B. Gomuti	2. Assam
C. Kapili	3. Tripura
D. Ranganadi	4. Nagaland

Code :

	A	B	C	D
(a)	4	3	2	1
(b)	4	2	3	1
(c)	1	2	3	4
(d)	1	3	2	4

108. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची I (उष्णकटिबंधीय चक्रवात)	सूची II (देश)
A. हरीकेन	1. चीन
B. विली-विली	2. फिलीपींस
C. बागुइयो (बाग्यो)	3. ऑस्ट्रेलिया
D. टाइफून	4. यूएसए

कूट :

	A	B	C	D
(a)	4	3	2	1
(b)	1	2	3	4
(c)	4	2	3	1
(d)	1	3	2	4

109. सिंधु नदी तंत्र की नदियों के निम्नलिखित तथ्यों पर विचार कीजिए :

1. सतलुज नदी का उद्गम तिब्बत में है जहाँ इसे लांगचेन खंबाब के नाम से जाना जाता है
2. सतलुज नदी पूर्ववर्ती नदी का एक उत्कृष्ट उदाहरण है
3. झेलम सिंधु नदी तंत्र की सबसे बड़ी सहायक नदी है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2
(b) केवल 3
(c) 1 और 2
(d) 2 और 3

110. निम्नलिखित में से कौन-सा, आग्नेय और कायांतरित शैल दोनों का उदाहरण है ?

(a) गैब्रो
(b) गाइजराइट
(c) नाइसाभ (Gneissoid)
(d) ग्रेनाइट

111. निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) पाइरॉक्सीन सामान्यत: उल्कापिंड में पाया जाता है
(b) भूपर्पटी का लगभग 20% एम्फिबोल से बना है
(c) स्फटिक (क्वार्टज) जल में घुलनशील होता है
(d) 'अवसादी (sedimentary)' शब्द लेटिन शब्द केलिमेंटम (kelimentum) से लिया गया है

112. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया रासायनिक अपक्षय का भाग **नहीं** है ?

(a) विलयन
(b) जलयोजन
(c) अपचयन
(d) हिमद्रवण

113. किसी परमाणु के प्रथम कोश में इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या कितनी हो सकती है ?

(a) 2
(b) 4
(c) 8
(d) 16

114. द्रव जल किस तापमान पर अधिकतम घनत्व दर्शाता है ?

(a) 299 K
(b) 277 K
(c) 285 K
(d) 373 K

108. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

List I *(Tropical Cyclone)*	List II *(Country)*
A. Hurricanes	1. China
B. Willy Willy	2. Philippines
C. Baguio	3. Australia
D. Typhoons	4. USA

Code :

	A	B	C	D
(a)	4	3	2	1
(b)	1	2	3	4
(c)	4	2	3	1
(d)	1	3	2	4

109. Consider the following facts of the rivers of the Indus system :

1. The Satluj originates in Tibet where it is known as Langchen Khambab
2. The Satluj is a classic example of an antecedent river
3. The Jhelum is the largest tributary of the Indus System

Select the answer using the code given below :

(a) 2 only

(b) 3 only

(c) 1 and 2

(d) 2 and 3

110. Which one of the following is an example of both an igneous as well as a metamorphic rock ?

(a) Gabbro

(b) Geyserite

(c) Gneissoid

(d) Granite

111. Which one of the following is correct ?

(a) Pyroxene is commonly found in meteorites

(b) Amphiboles form about 20% of the Earth's crust

(c) Quartz is soluble in water

(d) The word 'sedimentary' is derived from the Latin word kelimentum

112. Which one among the following processes is NOT part of chemical weathering ?

(a) Solution

(b) Hydration

(c) Reduction

(d) Thawing

113. What is the maximum number of electrons that can occupy the first shell of an atom ?

(a) 2

(b) 4

(c) 8

(d) 16

114. At which temperature does liquid water show maximum density ?

(a) 299 K

(b) 277 K

(c) 285 K

(d) 373 K

115. निम्नलिखित में से किसकी संयोजकता 3 है ?

(a) कार्बन

(b) ऑक्सीजन

(c) नाइट्रोजन

(d) सोडियम

116. निम्नलिखित में से कौन-सा, ऑक्सीकरण अभिक्रिया का एक उदाहरण है ?

(a) जल का जमना

(b) जल में शर्करा (चीनी) का घुलना

(c) लोहे पर जंग लगना

(d) पेट्रोल का उबलना (क्वथन)

117. निम्नलिखित में से कौन-सा उर्वरक, नाइट्रोजन का स्रोत है ?

(a) सुपर-फॉस्फेट

(b) पोटैशियम सल्फेट

(c) अस्थि चूर्ण

(d) यूरिया

118. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, ऐलुमिनियम (Al) (परमाणु-क्रमांक : 13, द्रव्यमान-संख्या : 27) के लिए सही नहीं है ?

(a) Al में विद्यमान इलेक्ट्रॉनों की संख्या 13 है

(b) Al में विद्यमान प्रोटॉनों की संख्या 13 है

(c) Al में विद्यमान न्यूट्रॉनों की संख्या 14 है

(d) Al की संयोजकता 2 है

119. हीरे का तात्विक संयोजन क्या है ?

(a) कार्बन और हाइड्रोजन

(b) कार्बन और ऑक्सीजन

(c) शुद्ध कार्बन

(d) शुद्ध सिलिकन

120. निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक परिवर्तन का उदाहरण है ?

(a) कपूर का ऊर्ध्वपातन

(b) बर्फ का पिघलना

(c) लोहे की छड़ का गर्म होना

(d) NaOH और HCl का मिश्रित होना

121. निम्नलिखित में से कौन-सी, 2·5 D और –2·0 D क्षमता वाले लेन्सों के संयोजन (कॉम्बिनेशन) की सही फोकस दूरी है ?

(a) +0·5 m

(b) –0·5 m

(c) +2·0 m

(d) –2·0 m

122. भारत में AC मुख्य घरेलू आपूर्ति धारा कितने समयांतराल में दिशा बदलती रहती है ?

(a) प्रत्येक 50 s में

(b) प्रत्येक $\frac{1}{50}$ s में

(c) प्रत्येक 100 s में

(d) प्रत्येक $\frac{1}{100}$ s में

123. एक खंड (ब्लॉक) जिसका द्रव्यमान 2·0 kg है, खुरदरा क्षैतिज समतल सतह पर फिसलता है । मान लीजिए एक विशेष क्षण पर ब्लॉक की गति 10 m/s है । यह 20 m की दूरी तय करने के बाद विराम अवस्था में आता है । निम्नलिखित में से घर्षण बल का परिमाण क्या होगा ?

(a) 10 N

(b) 20 N

(c) 40 N

(d) 50 N

115. Which one among the following has valency of 3 ?

(a) Carbon

(b) Oxygen

(c) Nitrogen

(d) Sodium

116. Which one among the following is an example of oxidation reaction ?

(a) Freezing of water

(b) Dissolving sugar in water

(c) Rusting of iron

(d) Boiling of petrol

117. Which one among the following fertilizers is a source of nitrogen ?

(a) Superphosphate

(b) Potassium sulfate

(c) Bone meal

(d) Urea

118. For Aluminium (Al) (atomic number : 13, mass number : 27), which one among the following statements is NOT correct ?

(a) Number of electrons present in Al is 13

(b) Number of protons present in Al is 13

(c) Number of neutrons present in Al is 14

(d) The valency of Al is 2

119. The elemental composition of diamond is

(a) Carbon and Hydrogen

(b) Carbon and Oxygen

(c) Pure Carbon

(d) Pure Silicon

120. Which one among the following is an example of chemical change ?

(a) Sublimation of camphor

(b) Melting of ice

(c) Heating of an iron rod

(d) Mixing of NaOH and HCl

121. Which one among the following is the correct focal length of a combination of lenses of power 2·5 D and –2·0 D ?

(a) +0·5 m

(b) –0·5 m

(c) +2·0 m

(d) –2·0 m

122. The AC mains domestic supply current in India changes direction in every

(a) 50 s

(b) $\frac{1}{50}$ s

(c) 100 s

(d) $\frac{1}{100}$ s

123. A block of mass 2·0 kg slides on a rough horizontal plane surface. Let the speed of the block at a particular instant is 10 m/s. It comes to rest after travelling a distance of 20 m. Which one of the following could be the magnitude of the frictional force ?

(a) 10 N

(b) 20 N

(c) 40 N

(d) 50 N

124. नीचे चार स्थितियाँ दी गईं जिनमें कुछ निश्चित ऊष्मा अंतरण हो रहा है :

1. जल से भरे हुए गिलास में बर्फ पिघल रही है
2. एक खुले बर्तन में जल उबल रहा है
3. एक भट्टी में एक धातु की छड़ को गर्म किया जा रहा है
4. एक कप कॉफी को ठंडा होने के लिए मेज पर छोड़ दिया जाता है

उपर्युक्त में से किस स्थिति में, न्यूटन का शीतलन नियम लागू होता है ?


(a) केवल 1

(b) केवल 4

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 2 और 3

125. नीचे दिया गया चित्र एक स्काइडाइवर पर कार्यशील दो बलों P और Q की दिशा को दर्शाता है :



दोनों बलों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) बल P गुरुत्व के कारण लगता है और बल Q घर्षण के कारण लगता है

(b) जब बल P, बल Q से अधिक होता है, तो स्काइडाइवर की गति एक जैसी बनी रहती है

(c) पैराशूट खुलने के बाद, बल P एक जैसा बना रहता है, जबकि बल Q में वृद्धि होती है

(d) पैराशूट खुलने के बाद, बल P में ह्रास होता है, जबकि बल Q में वृद्धि होती है

126. विजयनगर के शासकों के दावों के अनुसार वे किसकी ओर से शासन कर रहे थे ?

(a) भगवान मुरुगन

(b) भगवान वेंकटेश्वर

(c) श्री विरूपाक्ष

(d) श्री वल्लभ

127. डोमिंगो पेस ने किसी राजा का वर्णन इन शब्दों में किया : '*मझला कद, गोरा रंग और अच्छी काठी, कुछ मोटा, राजा के चेहरे पर चेचक के दाग़ हैं*' । नीचे दिए गए विकल्पों में से राजा को पहचानिए

(a) कृष्णदेव राय

(b) राम राय

(c) देवराय II

(d) देवराय I

128. भारत के संविधान की किस अनुसूची में, दल परिवर्तन के आधार पर निरर्हता के बारे में उपबंध किया गया है ?

(a) नौवीं अनुसूची

(b) दसवीं अनुसूची

(c) ग्यारहवीं अनुसूची

(d) छठी अनुसूची

124. Given below are the four cases in which certain heat transfer is taking place :

1. Ice is melting in a glass full of water
2. Water is boiling in an open container
3. A metal rod is heated in a furnace
4. A cup of coffee is allowed to cool on a table

In which of the above cases, the Newton's Law of Cooling is applicable ?


(a) 1 only

(b) 4 only

(c) 1 and 4 only

(d) 1, 2 and 3

125. The figure given below shows the direction of the two forces P and Q acting on a skydiver :



Which one among the following statements is correct about the two forces ?

(a) Force P is caused by the gravity and force Q is caused by the friction

(b) When the force P is bigger than the force Q, the speed of the skydiver remains the same

(c) After the parachute opens, force P remains the same while force Q increases

(d) After the parachute opens, force P decreases while force Q increases

126. Vijayanagara rulers claimed that they were ruling on behalf of

(a) Lord Murugan

(b) Lord Venkateshwara

(c) Shri Virupaksha

(d) Shri Vallabha

127. Domingo Paes describes a king in these words : '*Of medium height, and of fair complexion and good figure, rather fat than thin; he has on his face signs of smallpox*'. Identify the king from the options given below.

(a) Krishnadeva Raya

(b) Ram Raya

(c) Devaraya II

(d) Devaraya I

128. In which Schedule of the Constitution of India, provisions as to disqualification on grounds of defection are given ?

(a) Ninth Schedule

(b) Tenth Schedule

(c) Eleventh Schedule

(d) Sixth Schedule

129. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के महान्यायवादी का यह कर्तव्य होगा कि वह भारत सरकार को विधि संबंधी ऐसे विषयों पर सलाह दे और विधिक स्वरूप के ऐसे अन्य कर्तव्यों का पालन करे जो भारत के राष्ट्रपति उसको समय-समय पर निर्देशित करे

2. भारत का सालिसिटर जनरल देश का द्वितीयक विधि अधिकारी होता है, जो भारत के महान्यायवादी की सहायता करता है, और भारत के कई अपर सालिसिटर जनरल उसकी (सालिसिटर जनरल की) सहायता करते हैं

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

130. निम्नलिखित में से किस समिति में संसद के उच्च सदन के सदस्य **नहीं** होते हैं ?

1. लोक लेखा समिति

2. प्राक्कलन समिति

3. सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2

(b) 1 और 3

(c) केवल 2

(d) केवल 3

131. धन विधेयक पारित करते समय, राज्य सभा के पास सीमित शक्तियाँ होती हैं जिसमें वह नियत समय के भीतर किसी सिफारिश के साथ या सिफारिश के बिना धन विधेयक को लौटा सकता है । यह नियत समयावधि क्या है ?

(a) 12 दिन

(b) 21 दिन

(c) 14 दिन

(d) 30 दिन

132. भारत के संविधान के अनुच्छेद 19(1) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

1. इस अनुच्छेद के अधीन स्वातंत्र्य-अधिकार आत्यंतिक नहीं हैं

2. इस अनुच्छेद के अधीन स्वातंत्र्य-अधिकार का प्रयोग करने पर युक्तियुक्त निर्बंधन अधिरोपित किया जा सकता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

133. निम्नलिखित में से कौन-सा, 1954 में भारत और चीन द्वारा हस्ताक्षरित 'पंचशील' समझौते में निहित पांच सिद्धांतों का भाग **नहीं** है ?

(a) परस्पर अनाक्रामकता

(b) परस्पर अहस्तक्षेप

(c) शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व

(d) सांस्कृतिक सहयोग

129. Consider the following statements :

1. The duties of the Attorney General of India are to give advice to the Government of India upon such legal matters, and to perform such other duties of a legal character, as may from time to time be referred to or assigned to him by the President of India
2. The Solicitor General of India is the secondary Law Officer of the country, who assists the Attorney General, and is himself assisted by several Additional Solicitor Generals of India

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

130. Which of the following Committees does NOT consist of Members from the Upper House of the Parliament ?

1. Public Accounts Committee
2. Estimates Committee
3. Committee on Public Undertakings

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2

(b) 1 and 3

(c) 2 only

(d) 3 only

131. In the passing of a Money Bill, the Rajya Sabha has limited powers in that it shall return the Bill, with or without any recommendation, within the stipulated time of

(a) 12 days

(b) 21 days

(c) 14 days

(d) 30 days

132. Which of the following statements with regard to Article 19(1) of the Constitution of India is/are correct ?

1. Freedoms under this Article are not absolute
2. Reasonable restrictions can be imposed on the exercise of freedoms under this Article

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

133. Which of the following is NOT a part of the five principles enshrined in the 'Panchsheel' agreement signed by India and China in 1954 ?

(a) Mutual non-aggression

(b) Mutual non-interference

(c) Peaceful coexistence

(d) Cultural cooperation

134. स्वतंत्रता सेनानी कनकलता बरूआ ने किसमें भाग लेते हुए अपने प्राण की आहुति दी ?

(a) रॉलट सत्याग्रह

(b) असहयोग आंदोलन

(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(d) भारत छोड़ आंदोलन

135. कोरिऑलिस प्रभाव सर्वाधिक कहां होता है ?

(a) भूमध्य रेखा (विषुवत् वृत्त) पर

(b) मकर रेखा और कर्क रेखा पर

(c) उत्तरी ध्रुव पर

(d) प्रत्येक गोलार्ध में 45 डिग्री अक्षांश पर

136. भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में, सूर्य की किरणों लंब नहीं होती हैं ?

1. बिहार
2. छत्तीसगढ़
3. मणिपुर
4. राजस्थान

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2

(b) 1 और 3

(c) 2 और 3

(d) 2 और 4

137. निम्नलिखित में से भारत में पूर्व की ओर बहने वाली नदी/नदियाँ कौन-सी है/हैं ?

1. पलार
2. पेरियार
3. पेन्नार
4. कालीनदी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) 1 और 3

(c) 2 और 4

(d) केवल 4

138. निम्नलिखित में से कौन-सी सहायक नदियाँ दक्कन नदियों के साथ सही से सुमेलित हैं ?

सहायक नदी	नदी
1. भवानी	कृष्णा
2. काबिनी	कावेरी
3. मांजरा	गोदावरी
4. भीमा	महानदी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) 1 और 3

(d) 3 और 4

139. निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत में लैटेराइट मृदा में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है ?

(a) कैल्सियम

(b) फ़ॉस्फेट

(c) पोटैश

(d) नाइट्रोजन

134. Freedom Fighter Kanaklata Barua sacrificed her life while participating in

(a) Rowlatt Satyagraha

(b) Non-Cooperation Movement

(c) Civil Disobedience Movement

(d) Quit India Movement

135. Where is the Coriolis Effect the largest ?

(a) At the Equator

(b) At the Tropic of Capricorn and Tropic of Cancer

(c) At the North Pole

(d) At 45 degree latitude in each hemisphere

136. In which among the following states in India, the Sun rays are never perpendicular ?

1. Bihar
2. Chhattisgarh
3. Manipur
4. Rajasthan

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2

(b) 1 and 3

(c) 2 and 3

(d) 2 and 4

137. Which of the following is/are east flowing rivers in India ?

1. Palar
2. Periyar
3. Pennar
4. Kalinadi

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 3

(c) 2 and 4

(d) 4 only

138. Which of the following tributaries is/are correctly matched with the Deccan Rivers ?

	Tributary	*River*
1.	Bhavani	Krishna
2.	Kabini	Kaveri
3.	Manjra	Godavari
4.	Bhima	Mahanadi

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2

(b) 2 and 3

(c) 1 and 3

(d) 3 and 4

139. Which one of the following is found in appreciable amount in Laterite soil in India ?

(a) Calcium

(b) Phosphate

(c) Potash

(d) Nitrogen

140. ब्रह्मपुत्र नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह तिब्बत में, मानसरोवर झील के निकट से निकलती है
2. यह नामचा बारवा के पास "U" मोड़ लेती है और भारत में महाखड्ड (गॉर्ज) के माध्यम से प्रवेश करती है

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

141. निम्नलिखित में से किस युवा संगठन/योजना का आदर्श वाक्य "स्वयं से पहले आप (Not me, but you)" है ?

(a) राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम
(b) राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
(c) राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम
(d) राष्ट्रीय अनुशासन योजना (NDS)

142. "फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज" अभियान किससे संबद्ध है ?

(a) खेलो इंडिया
(b) फिट इंडिया कार्यक्रम
(c) मेरा युवा भारत
(d) स्वस्थ हृदय कार्यक्रम

143. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कोझिकोड को यूनेस्को के क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क में 'संगीत की नगरी' के रूप में शामिल किया गया है
2. यूनेस्को द्वारा गुजरात के गरबा को अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया गया है
3. ग्वालियर को यूनेस्को के क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क में 'साहित्य की नगरी' के रूप में शामिल किया गया है

उपर्युक्त में से कितना/कितने कथन सही है/हैं ?

(a) कोई भी नहीं
(b) 1
(c) 2
(d) 3

144. आसियान में भारतीय मिशन द्वारा निम्नलिखित में से किस देश में आसियान-भारत पोषक अनाज महोत्सव - 2023 (ASEAN-India Millet Festival - 2023) आयोजित किया गया ?

(a) भारत
(b) इंडोनेशिया
(c) मलेशिया
(d) थाईलैंड

145. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अक्तूबर 2023 में, पुणे में प्रथम भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव का उद्घाटन किया गया
2. भारत में, बेंगलुरु में पहली ग्रीन हाइड्रोजन फ्यूल सेल बस को हरी झंडी दिखाई गई
3. वर्ष 2023 में आयोजित 15वें ब्रिक्स (BRICS) शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता दक्षिण अफ्रीका ने की
4. वर्ष 2023 में झारखंड से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाई गई

उपर्युक्त में से कितना/कितने कथन सही है/हैं ?

(a) 1
(b) 2
(c) 3
(d) 4

140. Consider the following statements regarding River Brahmaputra :

1. It rises in Tibet, near Lake Mansarovar
2. It takes a "U" turn near Namcha Barwa and enters India through a gorge

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

141. "Not me, but you" is the motto of which one of the following youth organizations/schemes ?

(a) Rashtriya Yuva Sashaktikaran Karyakram

(b) National Service Scheme (NSS)

(c) National Young Leaders Programme

(d) National Discipline Scheme (NDS)

142. "Fitness ka dose, aadha ghanta roz" campaign, is associated with

(a) Khelo India

(b) Fit India Programme

(c) Mera Yuva Bharat

(d) Healthy Heart Programme

143. Consider the following statements :

1. Kozhikode has been included in UNESCO's creative cities network as the 'City of Music'
2. Garba of Gujarat has been declared by UNESCO as an intangible cultural heritage
3. Gwalior has been included in UNESCO's creative cities network as the 'City of Literature'

How many of the above statements is/are correct ?

(a) None

(b) 1

(c) 2

(d) 3

144. ASEAN-India Millet Festival-2023, organized by Indian Mission to ASEAN, was held in which one of the following countries ?

(a) India

(b) Indonesia

(c) Malaysia

(d) Thailand

145. Consider the following statements :

1. First Indian Military Heritage festival was inaugurated in October 2023 in Pune
2. First Green Hydrogen Fuel Cell Bus was flagged off in India in Bangalore
3. South Africa chaired the 15th BRICS Summit held in 2023
4. Viksit Bharat Sankalp Yatra was flagged off in 2023 from Jharkhand

How many of the above statements is/are correct ?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

146. 'उल्लास (ULLAS)' योजना के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही नहीं है/हैं ?

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसका उद्देश्य सड़कों पर रहने वाले बच्चों के लिए शैशवावस्था को सुरक्षित करना है
2. यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार है, जिसका उद्देश्य 15 या उससे अधिक आयु के उन वयस्कों का सशक्तिकरण करना है जिन्हें समुचित स्कूली शिक्षा नहीं मिल पाई है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

147. नाटो (NATO) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है ?

(a) वाशिंगटन संधि पर हस्ताक्षर के परिणामस्वरूप इसका गठन हुआ था

(b) रूस इस संगठन का सदस्य नहीं है

(c) यह संयुक्त राष्ट्र (UN) चार्टर से अपना प्राधिकार प्राप्त करता है

(d) फिनलैंड इसका नवीनतम सदस्य है

148. जनवरी, 2024 में,भारत ने एक द्विपक्षीय करार किया, जिसके माध्यम से वह एक देश को एक 20 फीट के बेली ब्रिज के निर्माण के लिए अनुदान सहायता देगा। उस देश को चिह्नित कीजिए।

(a) नेपाल

(b) बांग्लादेश

(c) भूटान

(d) म्यांमार

149. निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत और अमेरिका (USA) के बीच आयोजित संयुक्त सैन्य अभ्यास **नहीं** है ?

(a) युद्धाभ्यास

(b) वज्र प्रहार

(c) मालाबार

(d) वरुण

150. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत ने विश्व बैंक के लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स रिपोर्ट - 2023 में अंतरराष्ट्रीय शिपमेंट श्रेणी में 10वें स्थान प्राप्त किया
2. वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन - 2023 विशाखापटनम में आयोजित किया गया
3. वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन - 2023 के दौरान 'समुद्री अमृत काल विजन 2047' को प्रारंभ किया गया

उपर्युक्त में से कितना/कितने कथन नही है/हैं ?

(a) कोई भी नहीं

(b) 1

(c) 2

(d) 3

146. Which of the following statements about 'ULLAS' scheme is/are NOT correct ?

1. It's a Centrally Sponsored scheme which aims at securing childhood for street children

2. It's a scheme aligned with National Education Policy-2020 which aims at empowering adults aged 15 or above who could not get due schooling

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

147. Which one of the following statements is NOT correct about NATO ?

(a) It was formed out of the signing of the Washington Treaty

(b) Russia is not a member of this organization

(c) It derives its authority from the UN Charter

(d) Finland is its latest member

148. In January 2024, India has entered into a bilateral agreement through which it will provide grant assistance to a country to construct a 20 feet Bailey bridge. Identify the country.

(a) Nepal

(b) Bangladesh

(c) Bhutan

(d) Myanmar

149. Which one among the following Joint Military Exercises was NOT conducted between India and USA ?

(a) Yudhabhyas

(b) Vajra Prahar

(c) Malabar

(d) Varuna

150. Consider the following statements :

1. India has secured 10th rank in International Shipment category in World Bank's Logistics Performance Index Report-2023

2. Global Maritime India Summit-2023 was held in Vishakhapatnam

3. 'Maritime Amrit Kaal Vision 2047' was launched during Global Maritime India Summit-2023

How many of the above statements is/are correct ?

(a) None

(b) 1

(c) 2

(d) 3

कच्चे काम के लिए जगह

SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे काम के लिए जगह

SPACE FOR ROUGH WORK

DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO

T.B.C. : SURN-A-GAT **Test Booklet Series**

TEST BOOKLET

GENERAL ABILITY TEST

A

Time Allowed : Two Hours and Thirty Minutes ***Maximum Marks : 600***

INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET ***DOES NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **150** items (questions) in two parts : **PART–A** and **PART–B.** ***Each item in PART–B is printed both in Hindi and English***. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. **All** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong Answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY THE CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर छपा है ।